उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## मंगलवार, 12 आषाढ़, शक संवत्, 1929
**( दिनांक : 03 जुलाई, 2007 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी "**क**")।
2. अन्य प्रश्न (देखिये नत्थी "**ख**")।
3. निधन के निदेश।
4. मुख्यमंत्री, लेखा परीक्षा अधिनियम, 1984 की धारा 8 (3) के अन्तर्गत वर्ष 2005-06 का स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग का वार्षिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन तथा वर्ष 2005-06 का सहकारी समितियां एवं पंचायतें लेखा परीक्षा प्रभाग का वार्षिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन को सदन के पटल पर रखेंगे।
5. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।
6. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।
7. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।
8. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।
9. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

   (कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-"**ग**")
10. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।
11. वित्तीय वर्ष 2007-08 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा।
12. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 03 जुलाई, 2007**

**(महेश चन्द्र)**
**सचिव।**

द्वितीय सत्र, 2007
का प्रथम मंगलवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

**मंगलवार, 12 आषाढ़, शक संवत्, 1929**
**( दिनांक : 03 जुलाई, 2007 )**

## नत्थी "क"

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री खजानदास<br>18–06–2007 | **क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश की राजधानी स्थित आई0एस0बी0टी0 से ही डग्गामार बसों का संचालन देहरादून–दिल्ली रूट पर हो रहा है जिनके द्वारा यात्रियों से मनमाना किराया वसूल किया जाता है? यदि हाँ, तो परिवहन विभाग द्वारा डग्गामार बसों के संचालन पर रोक लगाने हेतु क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| हाजी तसलीम अहमद<br>18–06–2007 | **क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के विभागों द्वारा समाचार पत्रों में विज्ञापन देने हेतु क्या नीति घोषित की गई है? क्या मंत्री जी यह भी स्पष्ट करेंगे कि उक्त नीति, के अन्तर्गत विभिन्न अधिकारियों को विज्ञापन देने की क्या शक्तियां एवं अधिकार प्रदत्त हैं? | सूचना |

# नत्थी "ख"

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री केदार सिंह रावत<br>01–05–2007 | *1. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के पर्यटन विकास हेतु सरकार नीति बनाने जा रही है? क्या उक्त नीति में नये पर्यटक स्थलों को चिन्हित व प्रचारित करने के लिये कोई कार्यक्रम है? क्या सरकार पर्यटन नीति में जन प्रतिनिधियों के सुझावों को भी विधिवत रूप से आमंत्रित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'<br>11–05–2007 | *2. क्या पुर्नगठन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकारी विभागों के उ0प्र0 विकल्पधारी अधिकारी–कर्मचारी, जो उत्तराखण्ड में अपना विकल्प परिवर्तित कर चुके हैं, को भी एकमुश्त उ0प्र0 हेतु कार्य मुक्त किया जा रहा है? क्या यह सत्य है कि कई अधिकारी–कर्मचारी अपनी सेवाएं उत्तराखण्ड में करने हेतु आवेदन कर चुके हैं, फिर भी उनको उत्तराखण्ड में न रोककर उ0प्र0 के लिये भेज दिया गया है? यदि हाँ, तो क्या सरकार इस अनियमितता पर विराम लगाकर राज्य पुनर्गठन अधिनियम सन् 2000 की धारा 73(3) के अन्तर्गत दोनों राज्यों के मध्य सहमति के आधार पर उक्त अधिकारी–कर्मचारीगण को राज्य आवंटित करेंगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पुर्नगठन |
| श्री प्रीतम सिंह<br>21–05–2007<br>श्री ओम गोपाल<br>07–06–2007 | *3. क्या पुर्नगठन मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तर प्रदेश कैडर के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को कार्यमुक्त किया जा चुका है? यदि हाँ, तो कब–कब? यदि नहीं, तो क्यों? | पुर्नगठन |
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>22–05–2007 | *4. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी में शव विच्छेदन (पोस्ट मार्टम) का कार्य चिकित्सालय परिसर में स्थित टिन शैड जिसमें कि मृत व्यक्तियों को रखा जाता है, में सम्पादित किया जा रहा है? क्या यह सत्य है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जिला प्रशासन से बार–बार चिकित्सालय प्रांगण से बाहर भूमि उपलब्ध कराये जाने हेतु अनुरोध किया जा रहा है? क्या सरकार बतायेगी कि शव विच्छेदन गृह निर्माण हेतु भूमि कब तक उपलब्ध करा दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री ओम गोपाल<br>05–06–2007 | ***5.** क्या पुर्नगठन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में पुलिस विभाग में कार्यरत कितने राजपत्रित अधिकारी दूसरे प्रान्तों अथवा किन विभागों से प्रतिनियुक्ति पर आये हैं तथा उनकी प्रतिनियुक्ति की अवधि कब समाप्त हो रही है? क्या यह सत्य कि प्रतिनियुक्ति अवधि पूर्ण होने के बाद भी कुछ आई0पी0एस0 / पी0पी0एस0 अधिकारियों को रोका गया है? यदि हाँ, तो उनका नामपद तथा वर्तमान तैनाती का स्थान क्या है? क्या सरकार ऐसे अधिकारियों को तत्काल कार्यमुक्त किये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | चतुर्थ सोमवार के तारांकित 1 में स्था0 |
| हाजी तसलीम अहमद<br>05–06–2007 | ***6.** क्या पुर्नगठन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सभी विभागों में समूह–ग के कार्यरत, जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश के मूल निवासी विकल्पधारी कर्मचारियों को उत्तर प्रदेश के लिये कार्यमुक्त कर दिया गया है और कितने शेष हैं? क्या सरकार शेष कर्मचारियों को जिन्होने अपना विकल्प उत्तर प्रदेश का दिया है कार्यमुक्त करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | द्वितीय मंगलवार तक स्थगित |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>10–05–2007 | **1.** क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद उधमसिंह नगर के खटीमा तहसील में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का उच्चीकरण कर एक सौ शैय्या का कर दिया गया है? क्या यह सत्य है कि भूमि अभाव के कारण निर्माण कार्य प्रारम्भ नही हो पा रहा है? यदि हाँ, तो क्या उक्त अस्पताल का निर्माण किसी अन्य स्थान पर कराया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>11–05–2007 | **2.** क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खटीमा जनपद उधमसिंह नगर में ऐनेस्थेटिक चिकित्सक का पद रिक्त है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में ऐनेस्थेटिक चिकित्सक की तैनाती सुनिश्चित करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री विजय सिंह पंवार<br>23—05—2007 | **3.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र प्रतापनगर अन्तर्गत श्री सेमनागराजा को धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से विकसित कर उत्तराखण्ड के पांचवें धाम के रूप में विकसित करने हेतु कार्ययोजना बनायी जायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **पर्यटन** |
| श्री विजय सिंह पंवार<br>23—05—2007 | **4.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विकासखण्ड प्रतापनगर में प्रसिद्ध तीर्थस्थल दिन्याली देवी, ओणेश्वर महादेव आदि स्थानों को पर्यटन सर्किट से जोड़ा जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **पर्यटन** |
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>23—05—2007 | **5.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में जिला चिकित्सालय में चिकित्साधिकारियों के कुल कितने पद स्वीकृत हैं तथा वर्तमान में कुल कितने पद चिकित्साधिकारियों के रिक्त चल रहे हैं? क्या सरकार बतायेगी कि रिक्त पदों पर चिकित्साधिकारियों की नियुक्ति कब तक कर ली जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |

# नत्थी (ग)

**कार्य मंत्रणा समिति ने अपनी दिनाँक 02 जुलाई, 2007 की बैठक में दिनाँक 03 जुलाई, 2007 से दिनाँक 05 जुलाई, 2007 तक के उपवेशनों का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है:-**

**जुलाई, 2007**

| | |
|---|---|
| 03, मंगलवार | वित्तीय वर्ष 2007-2008 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा। |
| 04, बुधवार | वित्तीय वर्ष 2007-2008 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा। |
| 05, गुरूवार | 1. वित्तीय वर्ष 2007-2008 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा। |

2. विधायी कार्य।

(1) उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2001) (संशोधन) विधेयक, 2007 पर विचार एवं पारण। (30 मिनट)

(2) उत्तराखण्ड जिला योजना समिति विधेयक, 2007 पर विचार एवं पारण। (30 मिनट)